UNNAO POLICE

प्रेस नोट - दिनांक 15.06.2026

थाना बांगरमऊ, जनपद उन्नाव।

उन्नाव पुलिस के हाथ लगी दूसरी बड़ी सफलता

थाना बांगरमऊ पुलिस,एसओजी व सर्विलासं की संयुक्त टीम की कार्यवाही में 01 लाख रुपये का दूसरा ईनामी बदमाश गिरफ्तार

इससे पूर्व 01 लाख रुपये का ईनामिया बदमाश हुआ था पुलिस मुठभेड़ मे ढेर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बांगरमऊ पुलिस, व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में हत्या के आरोपी व एक लाख रुपये का ईनामिया बदमाश पुलिस मुठभेड़ मे घायल हुआ था, जिसे सीएचसी बांगमऊ मे मृत घोषित किया गया एवं हत्यारोपी एक लाख रुपये के दूसरे ईनामिया अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 09.06.2026 को थाना बांगरमऊ पर श्री वीरेन्द्र सिंह पुत्र रामबली सिंह निवासी मो० घूरे टोला कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव द्वारा तहरीरी सूचना दी गई कि उनके भाई बाबा मिलन सिंह की 1. इजराइल पुत्र शकूर निवासी मो० पुर्विया टोला कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव, 2. अजय गौतम उर्फ लल्ली पुत्र दुर्गादीन निवासी मो० गुलाम मुस्तफा कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव 3. यामीन पुत्र जाबिर अली उर्फ फकीर निवासी मो० पुर्विया टोला कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव, 4. शानू पुत्र मुन्ना कालिया निवासीगण मो० दरगाह शरीफ कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव, 5. मोहम्मद शफी पुत्र जान मोहम्मद निवासी मो० पुर्विया टोला कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव व अन्य 01-02 व्यक्तियों द्वारा चाकुओ से गोदकर हत्या कर दी गई है। पुलिस द्वारा मृतक के शव का नियमानुसार पीएम कराया गया तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बांगरमऊ पर मु0अ0सं0-168/2026 धारा 103 (1) BNS पंजीकृत किया गया एवं दौराने विवेचना मुकदमा उपरोक्त मे धारा 3(5) BNS & 7 CLA ACT की बढ़ोत्तरी की गई तथा दिनांक 10.06.2026 को घटनास्थल जहां पर अवैध रुप से निर्माण हुआ था उसके ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई थी। दिनांक 11.06.2026 को घटना कारित करने वाले 03 अभियुक्तगण 01.अजय गौतम 02.यामीन 03. मोहम्मद शफी तथा

दिनांक 12.06.2026 को प्रकाश में आये अभियुक्त 04. अली महोम्मद पुत्र अली बक्श निवासी दरियाई टोला थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा गिरफ्तारी हेतु शेष अभियुक्त शानू व इजराइल उपरोक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे जिनपर 01 लाख का इनाम घोषित किया गया था जिनकी गिरफ्तारी हेतु तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया था। आज दिनांक 15.06.2026 को समय करीब 03.33 बजे थाना बांगरमऊ पुलिस व एसओजी टीम उन्नाव द्वारा बांगरमऊ थाना क्षेत्र में आगरा एक्सप्रेसवे हवाई पट्टी सर्विस रोड पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग में मामूर थे तभी मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि मुकदमा उपरोक्त में वांछित अपराधी इसराइल उर्फ इजराइल पुत्र शकुर निवासी मो0 पूर्विया टोला कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव वह अपने किसी साथी के इंतजार में ग्राम ताजपुर अंडरपास के पास खड़ा है यदि शीघ्रता की जाये तो उसे पकड़ा जा सकता है। सूचना पर एसओजी व थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर इसराइल उर्फ इजराइल की घेराबन्दी करते हुये उसे आत्मसमर्पण हेतु कहा गया परन्तु उसके द्वारा आत्मसमर्पण ना करते हुये पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया जिसमें एक गोली उप निरीक्षक न्यूटन कुमार सिंह के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी तथा एक गोली एसओजी के आरक्षी विकास भदोरिया के हाथ में लगी जिससे उसे फायर आर्म इंजरी हो गई। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही में इसराइल उपरोक्त को गोली लगी है जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे पुलिस द्वारा तत्काल सीएचसी बांगरमऊ भेजा गया जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया है। मौके से पुलिस को एक अदद चाकू आला कत्ल, एक अदद तमंचा 315 बोर व दो खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है। पुलिस द्वारा मृतक बदमाश के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस मुठभेड़ के संदर्भ मे थाना बांगरमऊ पर मु0अ0सं0 171/26 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है।

इसी क्रम में आज दिनांक 15.06.2026 को थाना बांगरमऊ व एसओजी टीम द्वारा बांगरमऊ थाना क्षेत्र में आगरा एक्सप्रेसवे के गंजमुरादाबाद रोड ओवर ब्रिज के नीचे से हत्यारोपी एक लाख रुपये के दूसरे ईनामिया अभियुक्त शानू पुत्र मुन्ना कालिया निवासी मो० दरगाह शरीफ कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस प्रकार हत्या की घटना मे शामिल पांचों नामित अभियुक्तों व एक प्रकाश मे आये अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही की गई है, जिसमें 01-01 लाख रुपये को दो ईनामिया अभियुक्त शामिल हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. शानू पुत्र मुन्ना कालिया निवासी मो० दरगाह शरीफ कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र करीब 32 वर्ष

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.प्र0 नि० अखिलेश चन्द्र पाण्डेय

2. निरी0 श्री राकेश कुमार

3.उ0नि0 श्री न्यूटन कुमार सिंह

4.उ0नि0 श्री तफूज अहमद

5.हे0का0 त्रिवेणी प्रसाद सिंह

6. कां0 मुकेश मौर्या

7. कां0 मनोज पलावत

8. कां० आदित्य कुमार

9. कां० अमित पवार

एसओजी टीम-

प्रभारी श्री जयप्रकाश यादव

उ0नि0 श्री मंसूर रहमान

हे०कां० रोहित शर्मा

कां० गौरव चौधरी

कां० राहुल

कां० यशवीर

का0 हरेश कुमार

सर्विलांस टीम-

उ0नि0 अतुल कुमार वर्मा

हे0का0 सुदीप कटियार

हे0का0 शीतांश गंगवार

का0 प्रशान्त बालियान

का0 विवेक कुमार

का0 अरुण कुमार

का0 आकाश बालियान